संख्या:- 53/**2018/1706/33-3-2018-68/2018**

प्रेषक

राजीव कुमार,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- कृषि उत्पादन आयुक्त
उ0प्र0 शासन।

2- अपर मुख्य सचिव
बेसिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

3- अपर मुख्य सचिव,
पंचायतीराज विभाग
उ0प्र0 शासन।

4- प्रमुख सचिव
ग्राम्य विकास विभाग
उ0प्र0 शासन।

5- समस्त मण्डलायुक्त
उ0प्र0।

6- समस्त जिलाधिकारी
उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग-3 लखनऊ, दिनांक- 20 जून, 2018

विशय-ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में पंचायतीराज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग**,** द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के अभियान वर्ष **2018-19** के मार्ग निर्देशों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-ओ-488/सीएम-1/2018 दिनांक-28.03.2018 के द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प हेतु निर्देश प्राप्त हुए है कि ग्राम स्तर पर सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े विभागों के भवन यथा प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, ए.एन.एम. सेण्टर, ग्राम सचिवालय/पंचायत घर, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना एवं राज्य वित्त आयोग के मध्य कार्य अभिसरण कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्श की कार्ययोजना के अनुरुप कार्यस्थलों का चिन्हांकन करके आवश्यकतानुसार खडंजा/इण्टर-लॉकिंग/सी.सी.रोड निर्माण कार्य अभियान चलाकर किये जा सकते हैं।

उक्त के परिपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्ष 2018-19 में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर कराये जाने वाले विकास कार्यो हेतु सम्बन्धित विभागों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य निम्नवत् है-

**<u>पंचायती राज विभाग</u>**

ग्राम पंचायत में स्थित सार्वजनिक भवनों (पंचायत भवन प्राथमिक/उच्च प्राथमिक परिशदीय विद्यालय आंगनबाड़ी केन्द्र) के अनुरक्षण से सम्बन्धित सिविल कार्य (टाईल्स/मरम्मत/ रंगाई- पुताई आदि) षिक्षा, स्वास्थ्य एवं जन कल्याण से जुड़ी मूल-भूत सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु ग्राम सभा की बैठक कर ग्राम में पूर्व से निर्मित सार्वजनिक सम्पत्तियों के मरम्मत तथा अनुरक्षण के कार्य कराये जाने हेतु निर्णय लेते हुए कार्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित कर पूर्ण कराये जाने हेतु अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज विभाग के शासनादेश संख्या-**1052/ 33-3-2018/68/2018** दिनांक- **11.04.2018** के द्वारा जारी किये गये मार्ग निर्देशों के क्रम में समस्त कार्य सम्पादित किया जाना है।

http://shasnadeshup.nic.in

प्रत्येक पक्ष इसकी प्रगति सूचना निर्धारित प्रपत्र पर पोर्टल पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अपलोड कराया जायेगा। (**प्रपत्र**-1 A,B)

<u>बेसिक शिक्षा विभाग</u>

**परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक** विद्यालयों में बच्चों के पठन-पाठन के स्तर में सुधार किये जाने हेतु विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ ही परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लेवल वाइज लर्निंग की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना अपेक्षित है। विद्यालय पर लेवल वाइज लर्निंग की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाये, जिसका मुख्य उददेश्य यह हो कि किसी भी बच्चे की पठन-पाठन की व्यवस्था उसके वास्तविक शैक्षिक स्तर को चिन्हित करते हुए की जाये। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश सम्बन्धित विभाग द्वारा पृथक स्तर से निर्गत किए जायेंगें। प्रत्येक पक्ष इसकी प्रगति सूचना विभागीय नोडल अधिकारी पंचायतीराज विभाग की बेवसाईट www.panchayatiraj.up.nic.in के निर्धारित प्रपत्र पर पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। (**प्रपत्र**-2)

**<u>ग्राम्य विकास विभाग</u>**

मनरेगा धनराशि के कन्वर्जेन्स से असेवित क्षेत्रों में खड़ंजा निर्माण कार्य-

1-योजनान्तर्गत ग्राम पंचायतों उनके राजस्व ग्रामों/मजरों में जहां आबादी की बनावट होने के बावजूद भी ग्रामीणों के आने-जाने हेतु पूर्व में कोई खड़ंजा आदि के निर्माण का कार्य नहीं हुआ है। उनमें वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना के अनुरूप कार्यस्थलों का चिन्हांकन करके आवश्यकतानुसार खड़ंजा /इन्टरलाकिंग टाईल्स/सी.सी.रोड का निर्माण कार्य अभियान चलाया जा सकता है। इस कार्य हेतु ग्राम सभा मनरेगा कन्वर्जेंस के अन्तर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना तथा राज्य वित्त आयोग के मध्य कार्य शासनादेश संख्या-43/2017/966/33-3-2017-46 /2015 दिनांक 16 मई 2017 के अनुसार अभिसरण किए जाने का निर्णय ले सकती हैं।

2-अभियान पूर्ण होने के बाद लगाये गये खड़ंजा कार्य की गुणवत्ता, कार्यस्थल पर लगाये गये साइन बोर्ड/वाल पेन्टिंग आदि का सत्यापन पुन: जिलास्तरीय अधिकारियों से कराया जाये। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश सम्बन्धित विभाग द्वारा पृथक स्तर से निर्गत किए जायेंगें। प्रत्येक पक्ष इसकी प्रगति सूचना विभागीय नोडल अधिकारी पंचायतीराज विभाग की बेवसाईट www.panchayatiraj.up.nic.in के निर्धारित प्रपत्र पर पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। (**प्रपत्र**-3)

**<u>कृषि विभाग</u>**

ग्राम पंचायतों के प्राकृतिक नालें के अवरुद्ध हो जाने से वर्षा ऋतु में वर्षा का जल अनियन्त्रित होकर बाढ़ के रुप में खेतों से होकर बहता है**,** जिससे फसल के जलप्लावित होने से कृषि उत्पादन पर विपरीत असर पड़ता है। वर्षा जल के वैज्ञानिक तरीके से संभरण व नियन्त्रित जल निकास हेतु नाले का खुदान**/**जीर्णोद्वार कराया जाये। नाले के तल को नियन्त्रित ढाल बनाये रखने हेतु जगह-जगह पक्के चकडैम बनाये जायें। इसी प्रकार पोखरों एवं छोटी नदियों तलहटी को भी जीर्णोद्धार कराते हुए जल संरक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस कार्य में मनरेगा एवं भूमि संरक्षण इकाई **(**कृषि विभाग**)** को आवंटित बजट को युगपित कर कार्ययोजना तैयार कर कार्य कराया जाये। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा**-**निर्देश सम्बन्धित विभाग द्वारा पृथक स्तर से निर्गत किए जायेंगें। प्रत्येक पक्ष इसकी प्रगति सूचना विभागीय नोडल अधिकारी पंचायतीराज विभाग की बेवसाईट **www.panchayatiraj.up.nic.in** के निर्धारित प्रपत्र पर पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। **(**प्रपत्र**-4)**

सम्बन्धित विभाग द्वारा अनुश्रवण हेतु शासन स्तर पर विशेष सचिव स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाये। जनपद में सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कार्यों के क्रियान्वयन व अनुश्रवण हेतु नोडल अधिकारी होंगे। आपरेशन कायाकल्प को सफलतापूर्वक चलाए जाने हेतु पंचायतीराज विभाग

http://shasnadeshup.nic.in

को नोडल विभाग नामित किया जाता है। जिला पंचायत राज अधिकारी सम्बन्धित विभागों को पोर्टल पर सूचनाएं अपलोड कराने हेतु लॉगिन आईडी व पासवर्ड उपलब्ध करायेंगे।

इस अभियान हेतु निम्नांकित बिन्दुओं के आलोक में समस्त कार्यवाही सुनिश्चित की जानी है-

- इस कार्य में समस्त प्रक्रिया विभागीय दिशा निर्देशों के अनुरुप ही सम्पादित की जानी है।
- ऑपरेशन कायाकल्प हेतु कोई अतिरिक्त धनावंटन नही किया जाएगा बल्कि इस अवधारणा को मूर्त रुप देने के लिए विभाग में तथा ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध वित्तीय एवं मानव संसाधनों से ही समस्त कार्य सम्पादित कराया जाएगा।

ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यो के नियमित अनुश्रवण हेतु जिला अधिकारी की अध्यक्षता में निम्नवत् समिति गठित की जाती है। जो पाक्षिक बैठक द्वितीय व चतुर्थ शुक्रवार को आयोजित कर योजना की प्रगति, गुणवत्ता, सफल क्रियान्वयन, लक्ष्य पूर्णता एवं साप्ताहिक रिपोटिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी-

जिलाधिकारी - अध्यक्ष।
मुख्य विकास अधिकारी - सदस्य।
उपायुक्त श्रम रोजगार - सदस्य।
जिला पंचायत राज अधिकारी - सदस्य/सचिव।

अत: उपरोक्तानुसार ऑपरेशन कायाकल्प अभियान में कराये जाने हेतु कार्यों को चिन्हित कर इन्हें पूर्ण कराये जाने हेतु उनकी निरन्तर समीक्षा की जाये तथा निर्धारित प्रपत्रों पर सूचना पंचायतीराज विभाग की बेवसाईट www.panchayatiraj.up.nic.in पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया करें। पाक्षिक रुप से इस कार्यक्रम की प्रगति का अनुश्रवण शासन स्तर पर किया जायेगा।

भवदीय
(राजीव कुमार)
मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक:- तदैव।

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, कृषि विभाग तथा सूचना जनसंपर्क विभाग, उ0प्र0, शासन।
3. विशेष सचिव/स्टॉफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
4. आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग उ0प्र0
5. निदेशक पंचायतीराज विभाग उ0प्र0।
6. समस्त मुख्य विकास अधिकारी उ0प्र0।
7. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पं0) उ0प्र0।
8. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी उ0प्र0।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in

माह:-
......
<u>प्रथम पक्ष/द्वितीय पक्ष</u>

**ऑपरेशन कायाकल्प अनुश्रवण प्रपत्र-1 A (भौतिक प्रगति)**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | ब्लाक की कुल संख्या | ग्राम पंचायतों की संख्या | ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कुल चयनित कार्यों की संख्या | | | | | | | | | | | | कुल कार्यों की संख्या (5+8+11+14) | कराये गये कार्यों की संख्या (क्रमिक) (क्रमांक 17 के सापेक्ष) | प्लान प्लस पर अपलोड कराये गये कार्यों की संख्या (क्रमांक 17 व 18 के सापेक्ष) | | कराये गये कार्यों की संख्या प्रतिशत् में (18/17) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पंचायत भवन का अनुरक्षण कराकर पुस्तकालय/सेवा केन्द्र में विकसित किये जाने की संख्या | | | प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अनुरक्षण (टाईल्स/मरम्मत/रंगाई पुताई) कराये जाने की संख्या | | | आंगनबाड़ी/ए.एन.एम. सेन्टर के भवनों का पुनरूद्धार/सुदृढ़ीकरण की संख्या हेतु धनराशि का विवरण | | | शासकीय विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रो में बाल मैत्रिक शौचालय निर्माण की संख्या | | | | | | | |
| | | | | वार्षिक लक्ष्य | पाक्षिक पूर्ति | क्रमिक पूर्ति | वार्षिक लक्ष्य | पाक्षिक पूर्ति | क्रमिक पूर्ति | वार्षिक लक्ष्य | पाक्षिक पूर्ति | क्रमिक पूर्ति | वार्षिक लक्ष्य | पाक्षिक पूर्ति | क्रमिक पूर्ति | | | कुल संख्या | कुल अपलोड लागत धनराशि | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| **1** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| **2** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

http://shasnadeshup.nic.in

<u>ऑपरेशन कायाकल्प अनुश्रवण प्रपत्र-1B (वित्तीय प्रगति) लाख में</u>

माह : .................

प्रथम पक्ष/द्वितीय पक्ष................

| क्रम संख्या | जनपद का नाम | ब्लाक की कुल संख्या | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या | ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कुल चयनित कार्यों की लागत व व्यय धनराशि का विवरण | | | | | | | | कुल कार्यों की संख्या के सापेक्ष लागत धनराशि (5+7+9+11) | कराये गये कार्यों की संख्या के सापेक्ष व्यय धनराशि (6+8+10+12) | कराये गये कार्यों की संख्या के सापेक्ष व्यय धनराशि प्रतिशत में (14/13) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पंचायत भवन का अनुरक्षण कराकर पुस्तकालय/सेवा केन्द्र में विकसित किये जाने हेतु धनराशि का विवरण | | प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय के अनुरक्षण (टाईल्स/मरम्मत/ रंगाई पुताई) कराये जाने हेतु धनराशि का विवरण | | आंगनबाड़ी/ए.एन.एम.सेन्टर के भवनों का पुनरूद्धार/ सुदृढ़ीकरण हेतु धनराशि का विवरण | | शासकीय विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रो में बाल मैत्रिक शौचालय निर्माण हेतु धनराशि का विवरण | | | | |
| | | | | कुल लागत | कुल व्यय | कुल लागत | कुल व्यय | कुल लागत | कुल व्यय | कुल लागत | कुल व्यय | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | |

http://shasnadeshup.nic.in

बेसिक शिक्षा विभाग, ऑपरेशन कायाकल्प अनुश्रवण प्रपत्र-**2** माह:**...........**

प्रथम पक्ष/द्वितीय पक्ष

| क्रम संख्या | जनपद का नाम | जनपद में परिषदीय प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या | विद्यालयों में लेवल वाईज लर्निंग व्यवस्था लागू की जाने की प्रगति | | | कराये गये कार्यों की संख्या प्रतिशत में **(6/4)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वार्षिक लक्ष्य | पाक्षिक पूर्ति | क्रमिक पूर्ति | |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| | | | | | | |

http://shasnadeshup.nic.in

ग्राम्य विकास विभाग, ऑपरेशन कायाकल्प अनुश्रवण प्रपत्र-3 (वित्तीय एवं भौतिक प्रगति) लाख में

माह:................

प्रथम पक्ष/द्वितीय पक्ष

| क्रम संख्या | जनपद का नाम | ग्राम पंचायतों की संख्या | ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कुल चयनित कार्यों की संख्या | | | | | | निर्माण योग्य खड़ण्जा/ इण्टरलॉकिंग टाईल्स/सी0 सी0 रोड के सापेक्ष व्यय धनराशि प्रतिशत में **(8/7)** | निर्माण योग्य खड़ण्जा/इण्टरलॉकिंग टाईल्स/ सी0सी रोड के सापेक्ष संख्या प्रतिषत में **(6/4)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | निर्माण योग्य खड़ण्जा/इण्टरलॉकिंग टाईल्स/ सी0सी0 रोड की संख्या एवं धनराशि विवरण | | | | | खड़ण्जा कार्य पूर्ण होने के बाद गुणवत्ता, कार्यस्थल पर लगाये गये साईन बोर्ड/वाल पेंन्टिग आदि की स्थिति | | |
| | | | वार्षिक लक्ष्य (संख्या) | पाक्षिक पूर्ति (संख्या) | क्रमिक पूर्ति (संख्या) | कुल लागत | कुल व्यय | (संख्या) | | |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** |
| | | | | | | | | | | |

http://shasnadeshup.nic.in

कृषि विभाग( भूमि संरक्षण) ऑपरेशन कायाकल्प अनुश्रवण प्रपत्र-4 (वित्तीय एवं भौतिक प्रगति)

माह:....................

प्रथम पक्ष/द्वितीय पक्ष

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कुल चयनित कार्यों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पोखरो, छोटी नदियों, प्राकृतिक नालों एवं जल भराव क्षेत्रों के जीर्णोद्धार व मरम्मत का विवरण | | | | | |
| | | लक्ष्य(संख्या) | कुल अनुमानित लागत | कुल पूर्ति | कुल व्यय | कुल पूर्ति का प्रतिशत (5/3) | धनराशि व्यय का प्रतिशत (6/4) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

http://shasnadeshup.nic.in